आर.एन.आई नं. : HP-HIN/1999/3010

पोस्टल रजि. नं. SOLAN/96

निष्पक्ष, निर्भीक व बुलंद साप्ताहिक

# हिमाचल वार्ता

E-paper : himachalvarta.com

Email: himachalvarta@gmail.com

वर्ष : 19 अंक : 39 | 9 अगस्त से 15 अगस्त, 2018 | मूल्य : 2 रुपया | वार्षिक : 100 रुपए

संरक्षक
ईश्वरचंद गुप्ता एडवोकेट
संपादक
राजेश राही
फोन नं. 094180-96004
मोबाइल नं. 098570-14001
सलाहकार
एस.पी. जैरथ
मोबाइल नं. 094182-27701

## 72वें स्वतंत्रता दिवस पर हिमाचल प्रदेश में समारोहों का आयोजन

# राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह इन्दौरा में सीएम ने किया ध्वजारोहण

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**शिमला।** समूचे हिमाचल प्रदेश में आज 72वां स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर राज्य, जिला तथा उपमण्डल स्तर पर समारोहों आयोजित किए गए। राष्ट्रीय ध्वजारोहण, पुलिस, गृह रक्षा, एनसीसी, आईटीबीपी के जवानों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोहों के मुख्य आकर्षण रहे। समारोह को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने प्रात:काल से ही अपने पारम्परिक परिधानों में सुसज्जित होकर समारोह स्थल पर एकत्र होना आरम्भ कर दिया था।



कांगड़ा जिले के इन्दौरा में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर परेड की सलामी लेते मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर।

मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने कांगड़ा जिले के इन्दौरा में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करते हुए तिरंगा फहराया तथा राज्य पुलिस, जम्मू व कश्मीर पुलिस, गृह रक्षकों, एनसीसी, स्काउटस एण्ड गाइडस तथा एनएसएस के कैडेटों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी ली। परेड का नेतृत्व उप-अधीक्षक पुलिस आर.के. ठाकुर ने किया।

इस अवसर पर उपस्थित भारी जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश का चहूंमुखी विकास सुनिश्चित करने के लिए 'सबका साथ सबका विकास' एकमात्र लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा, अवैध खनन को रोकने, नशाखोरी तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के प्रति कृतसंकल्प है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए 'शक्ति बटन एप' और 'गुड़िया हेल्पलाइन-1515' शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि वन माफिया, खनन माफिया तथा नशा माफिया से सख्ती से निपटने के लिए 'होशियार सिंह हेल्पलाइन-1090' भी शुरू की गई है।

जय राम ठाकुर ने कहा कि राज्य में शुरू की गई विभिन्न योजनाओं तथा परियोजनाओं की प्रगति की ऑनलाइन समीक्षा व निगरानी के लिए 'मुख्यमंत्री डैश बोर्ड' शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए राज्य सरकार ने 30 नई योजनाओं की घोषणा की हैं। उन्होंने कहा कि सभी नई योजनाओं के लिए बजट में पर्याप्त धनराशि का प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों का उत्थान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमण्डल की पहली ही बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्राप्त करने के लिए आयु सीमा को 80 वर्ष से घटाकर 70 वर्ष किया गया है, जिससे 1.30 लाख वृद्धजन लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज विभिन्न श्रेणियों के लगभग चार लाख 47 हजार पात्र लोंगों को सामाजिक सुरक्षा पैंशन प्रदान की जा रही है, जिसके लिए इस वर्ष 600 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

जय राम ठाकुर ने कहा कि 'जन मंच' राज्य के लोगों की समस्याओं का उनके घर-द्वार पर त्वरित समाधान करने के लिए आरम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य के लोगों से सीधा सम्पर्क स्थापित करने के लिए उपयोगी एवं संचार के प्रभावी माध्यम के रूप में उभरी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से नियमित रूप से योजना की निगरानी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने 'हिमाचल गृहिणी सुविधा योजना' आरम्भ की है जिसके अन्तर्गत केन्द्र सरकार की उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत न आने वाले परिवारों तथा ऐसे परिवारों जिनके पास गैस कनेक्शन नहीं है, को नि:शुल्क घरेलू गैस कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश के लोगों से ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया ताकि योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक घरों को लाभान्वित किया जा सके। इसी प्रकार, युवाओं को स्वरोज़गार के अवसर प्रदान करने तथा स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजना' आरम्भ की गई है और इसके लिए बजट में 80 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया।

जय राम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार केन्द्र से 6310 करोड़ रुपये की छ: प्रमुख योजनाओं को स्वीकृत करने में कामयाब रही है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास, बागवानी विकास, पेयजल सुविधा को सुदृढ़ करना, जल संरक्षण, वर्षा जल संग्रहण तथा वन प्रबन्धन से जुड़ी ये परियोजनाएं किसानों की आय को दोगुना करने, युवाओं को रोजगार प्रदान करने तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कारगर सिद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार तथा प्रदेश के लोग राज्य के लिए उदार सहायता प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उदारता के कारण ही यह सम्भव हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 50 करोड़ रुपये की एक नई योजना 'नई राहें-नई मंजिलें' शुरू की गई हैं, जिसके अन्तर्गत प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण अनछुए स्थानों के भ्रमण के लिए सैलानियों को आकर्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने हाल ही में 1892 करोड़ रुपये की एक महत्वाकांक्षी पर्यटन विकास परियोजना स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि शिमला और चण्डीगढ़ के बीच हेली-टैक्सी सेवा आरम्भ की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सप्ताह में तीन दिनों के लिए इस हेली-टैक्सी सेवा को आरम्भ करने के राज्य हैलीकॉप्टर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि अन्य महत्वपूर्ण पर्यटन गंतव्यों के लिए भी इस प्रकार की सेवाएं आरम्भ करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब की सफाई का जिम्मा सुलभ इंटरनेशनल को : उपायुक्त

**हिमाचलवार्ता समाचार सेवा**

**नाहन।** औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाए रखने के दृष्टिगत विशेष क्षेत्र विकास प्राधिरण (साडा ) तथा सुलभ इंटरनेशनल के मध्य इकरारनामा हस्ताक्षरित कर दिया गया है ।



यह जानकारी देते हुए उपायुक्त सिरमौर एवं अध्यक्ष विशेष क्षेत्र विकास प्राधिरण श्री ललित जैन ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में सफाई की उचित व्यवस्था न होने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी पेश आ रही थी । उन्होंने कहा कि सुलभ इंटरनेशल राष्ट्रीय स्तर की प्रसिद्ध गैर सरकारी संस्था है जिसे कालाअंब, त्रिलोकपुर पंचायत की सफाई के अनुबंधित किया गया है और यह संस्था 16 अगस्त 2018 से अपना कार्य आरंभ करेगी ।

उन्होंने कहा कि सुलभ इंटरनेशनल संस्था द्वारा औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब, त्रिलोकपुर और सैनवाला के 150 मीटर क्षेत्र में सफाई के लिए दो वाहन प्रतिदिन लगाए जाएगें । उन्होंने कहा कि इस संस्था के दो वाहन प्रतिदिन इन क्षेत्रों के दो चक्कर लगाकर सभी उद्योगों में एकत्रित कूड़ा कचरा को उठाकर नाहन के समीप कूड़ा कचरा की डंपिग साईट पर डालेगें।

उन्होंने कहा कि कालाअंब व त्रिलोकपुर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कूड़ा कचरा के एकत्रिकरण के लिए आठ लोहे के बड़े कूड़ेदान भी स्वीकृत कर दिए हैं ।

उपायुक्त ने कहा कि इस संस्था को एक माह के लिए पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर ट्रायल पर रखा गया है तथा कार्य संतोषजनक होने की स्थिति पर इसका कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया जाएगा। उन्होंने कालाअंब व त्रिलोकपुर के सभी औद्योगिक घरानों तथा स्थानीय लोगों से अपील की है कि स्वच्छता बनाए रखने के लिए सुलभ इंटरनेशनल संस्था को अपना सहयोग दे और कूड़ा कचरा निर्धारित सिल पर लगे कूड़ादान में डाले ।

हमारी ओर से 72वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई



वी.के. वालिया
सिरमौर जनपद
में लोकप्रिय उद्योगपति

M/s SANGRAH MINES & MINERALS
M/s BHOOTMARHI INDUSTRIAL MINERALS
M/s WALIA CARRIES
M/s RENUKAJI FILLING STAION
M/s ALPHA CHEMICALS
M/s WALIA AUTOSTATION (Ponta Sahib)
M/s WALIA AUTO MOBILES (Ponta Sahib)
M/s WALIA TREADS (Ponta Sahib)

मुख्य कार्यालय
नाहन, ज़िला सिरमौर हिमाचल प्रदेश।